कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़

अरण्य भवन, सेक्टर–19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर –492002

(प्रभाग–<u>प्रशासन/अराजपत्रित</u>)

फोन एवं फैक्स– 0771–2512829 ईमेल–apccfng@gmail.com

क्रमांक/प्रशा.अराज.1/320–5/2023/8842 नवा रायपुर, दिनांक :. **22/08/2024**

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–1,
नवारायपुर, अटल नगर(छ.ग.)

विषयः– **वनरक्षक सीधी भर्ती के 151 पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना।**

––00––

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 151 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष– 2023 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें पात्र कुल 2934 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 22.09.2024 को छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा किया जायेगा। परीक्षा रायपुर एवं बिलासपुर में आयोजित होंगे। चनियत अभ्यर्थी व्यापम के वेबसाईट से परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करेंगें। विस्तृत जानकारी वन विभाग एवं व्यापम के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

अतः लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना, प्रदेश/जिला स्तरीय बहुप्रसारित समस्त समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

संलग्न – सूचना पत्र।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.अराज.)
छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर

पृ.क्रमांक/प्रशा.अराज.1/320–5/2023/ 8843 नवा रायपुर, दिनांक **22/08/2024**

प्रतिलिपि –

1. स्टॉफ आफिसर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छ.ग. को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक (मासवि/सूप्रौ) छ.ग. अटल नगर, नवा रायपुर।
3. वन संरक्षक, वन प्रबंधन सूचना प्रणाली, छ.ग. अटल नगर, नवा रायपुर।
   वनरक्षक के 151 पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना एवं हेतु लिखित परीक्षा हेतु पात्र कुल 2934 अभ्यर्थियों की सूची विभागीय बेवसाईट में अपलोड करावें।
4. नियंत्रक, छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायुपर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. श्री मानस कुमार राय, उप वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्न – सूचना पत्र।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.अराज.)
छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़

अरण्य भवन, सेक्टर–19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर –492002

(प्रभाग–प्रशासन/अराजपत्रित)

फोन एवं फैक्स– 0771–2512829 ईमेल–apccfng@gmail.com

वनरक्षक के 151 पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना

––00––

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 151 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष–2023 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें पात्र कुल 2934 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय **वेबसाईट www.forest.cg.gov.in** पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना एवं परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा। वन विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग. व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिस पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन **सबमिट** नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा वन विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक **सबमिट** करना अनिवार्य है। **लिखित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है –**

व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की प्रारंभिक तिथि	**23.08.2024 (शुक्रवार)**
व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की अंतिम तिथि	**08.09.2024 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक**
परीक्षा की तिथि (संभावित)	**22 सितम्बर 2024 (रविवार)**
परीक्षा का समय	**पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.15 बजे तक**
परीक्षा केन्द्र	**बिलासपुर एवं रायपुर**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.अराज.)

छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर